प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 02.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीजीटी शिक्षकों, सहायक आचार्यों और लैब सहायकों को सौंपे नियुक्ति पत्र, मैट्रिक–इंटर के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर की सुनवाई, मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव अदालत में हुए पेश।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में रांची में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति की बैठक जारी, कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हो रही है चर्चा।
4. दुमका में घर में घुसकर अपराधियों ने बेरहमी से की बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या, बेटियों पर भी किया जानलेवा हमला, छानबीन में जुटी पुलिस।
5. राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बदला मौसम, बारिश का सिलसिला जारी, पांच सितंबर तक तेज हवा के साथ वर्षा और वज्रपात की चेतावनी।

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया–2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा है कि दुनिया भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अप्रैल–जून में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

*************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के प्रोजक्ट भवन सभागार में आयोजित एक समारोह में पीजीटी शिक्षकों, नव चयनित सहायक आचार्यों और लैब असिस्टेंट को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान उन्होंने 2025 में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया।

*************************

झारखंड हाईकोर्ट में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति आंनद सेन की अदालत ने न्यायालय के आदेश के बावजूद समय पर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव अदालत में सशरीर उपस्थित हुए। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि इस मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए अदालत ने 10 सितंबर का समय निर्धारित किया है।

*************************

इधर, झारखंड हाईकोर्ट में 11वीं जेपीएससी परीक्षा में असफल रहे राजेश प्रसाद सहित अन्य 53 अभ्यर्थियों की याचिका पर भी सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया हाईकोर्ट के अंतिम आदेश से प्रभावित होगी। वहीं कोर्ट ने जेपीएससी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता को कहा कि यदि अगली सुनवाई तक आयोग की ओर से काउंटर एफिडेविट दायर नहीं किया गया तो उसे और मौका नहीं दिया जाएगा।

*************************

राज्य में 6 मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए सकारात्मक पहल के लिए मंत्री सुदीव्य कुमार ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों का निर्माण राज्य की जनता को गुणवत्तापूर्ण और उन्नत चिकित्सा सेवाओं की पहुंच उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

*************************

रांची के श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति–दिशा की बैठक जारी है। रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में कई सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी बैठक में उपस्थित हैं। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

*************************

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सुंदराप्लान गांव में एक बुजुर्ग दंपति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। जबकि उनकी दो बेटियों पर भी जानलेवा हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना कल मध्य रात्रि की बताई जा रही है।

*************************

हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर कई दुकानों से नकली खाद्य सामग्री जब्त की। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मंजर हुसैन के नेतृत्व में छापेमारी दल ने घटना स्थल पर ही नकली सामग्रियों को नष्ट कर दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सामग्री में मिलावट या स्वच्छता मानकों की अनदेखी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

*************************

गिरिडीह में कोयला लदे एक चलते ट्रक में अचानक आग लगने के बाद इलाके में अफरा – तफरी मच गयी। यह घटना बगोदर थाना क्षेत्र के संतरूपी के पास हुई। चालक ने ट्रक से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

*************************

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में ब्लड बैंक में कम्पोनेंट सेपरेटर मशीन की स्थापना की पहल तेज कर दी गयी है।

*************************

जीएसटी परिषद की दो दिवसीय बैठक से पहले निवेशकों के आशावादी बने रहने से आज भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ हुई। निवशेकों को दरों में बड़े बदलाव की उम्मीद है। शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स लगभग 300 अंक चढ़ा और 80 हजार 634 पर पहुंच गया  जबकि निफ्टी 112 अंक चढकर 24 हजार 737 के ऊपर रहा।

*************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 98 हजार 1 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 31 हजार रुपये प्रति किलो है।

*************************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने पांच सितंबर तक तेज हवा के साथ वर्षा और वज्रपात की चेतावनी की है। आज 6 जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, गुमला और सरायकेला–खरसावां में भारी बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*************************